बर्षः- 05
अंकः- 311
मुरादाबाद
(Saturday)
07 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## कानपुर में महासमन्वयः संघ-भाजपा की समन्वय बैठक में पहुंचे योगी, दिग्गजों के साथ 2027 की रणनीति पर मंथन

कानपुर में मुख्यमंत्री योगी और संघ के दिग्गजों ने 2024 की हार की समीक्षा करते हुए 2027 के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का मंत्र दिया। बैठक में आंतरिक कलह को खत्म करने और खोई हुई सीटों को वापस पाने पर विशेष जोर रहा।कानपुर में यूजीसी को लेकर उठे विवाद और भाजपा के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नवाबगंज स्थित पंडित दीनदयाल सनातन धर्म विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में शामिल हुए।



इस बैठक को आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।बैठक में संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल, कार्यकर्ताओं की नाराजगी और जमीनी फीडबैक पर चर्चा होने की बात कही जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।अंदरूनी कलह का देखने को मिला था असर दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के भीतर चली अंदरूनी कलह का असर कई सीटों पर देखने को मिला था। इसका परिणाम यह रहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन और फतेहपुर सीटें भाजपा के हाथ से निकल गईं, जबकि फर्रुखाबाद सीट पार्टी के खाते में मुश्किल से आ सकी थी।विधानसभा चुनाव से पहले अहम मानी जा रही है बैठक- राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए भाजपा और संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर मंथन कर रहे हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले यह बैठक संगठनात्मक मजबूती और आपसी समन्वय के लिहाज से अहम मानी जा रही है। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनकी पावन स्मृतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को करूंगी बेनकाब, SIR के खिलाफ धरना शुरू करते हुए बोली ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटाए जाने के खिलाफ कोलकाता में धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा पर असली मतदातओं को मतदान करने से रोकने की साजिश का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मतदाता सूची से कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के विरोध में एक धरना शुरू किया। इस कदम से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और चुनाव आयोग के बीच टकराव और बढ़ गया है।ममता बनर्जी शुरू किया धरना- कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू करते हुए, बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और उन्हें बेनकाब करने की कसम खाई।



टीएमसी सुप्रीमो ने विरोध प्रदर्शन की शुरुआत में कहा, %मैं बंगाली मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने की भाजपा-चुनाव आयोग की साजिश को बेनकाब करूंगी।% मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लगाया आरोप- उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संशोधित मतदाता सूची में कई मतदाताओं को मृत घोषित कर दिया गया है। बनर्जी ने कहा, %मैं उन मतदाताओं को, जिन्हें चुनाव आयोग ने मृत घोषित कर दिया है, इस विरोध स्थल पर प्रस्तुत करूंगी।% यह धरना, जो मध्य कोलकाता में दोपहर 2ः15 बजे शुरू हुआ। इसकी घोषणा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने पहले ही कर दी थी। उन्होंने चुनाव आयोग पर राजनीतिक रूप से प्रेरित अभ्यास करने का आरोप लगाया था, जिससे लाखों योग्य मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

कैस शुरू हुआ विवाद?- यह विवाद चुनाव आयोग की नई वोटर लिस्ट आने के बाद बढ़ा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से एसआईआर शुरू होने के बाद से 63.66 लाख नाम लिस्ट से हटा दिए गए हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग 8.3 प्रतिशत है। इसके कारण बंगाल में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। इसके अलावा, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को जांच के दायरे में रखा गया है। इसका मतलब है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी। यह प्रक्रिया निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावी समीकरणों को और भी बदल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोई देश खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत, वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री जयशंकर का बयान

वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज की दुनिया में कोई भी देश पूरी तरह से वैश्विक प्रभुत्व (हेजेमनी) नहीं रखता है और आने वाला समय बहुध्रुवीय विश्व का होगा। रायसीना डायलॉग 2026 में विदेश मंत्री ने यह बात कही।वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 20वीं सदी के मध्य से एक निश्चित विश्व व्यवस्था बनाए रखने की वैश्विक अपेक्षा %अवास्तविक% थी, और अब शक्ति विभिन्न आयामों में काफी हद तक फैल गई है।रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, %जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 में जयशंकर ने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है

## रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम, ओडिशा में बोले अमित शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई से देश नक्सलवाद के खात्मे के करीब है। शाह ने कहा कि 31 मार्च तक भारत को माओवादी प्रभाव से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। आइए विस्तार से जानते हैं।गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैंशाह ने रेड कॉरिडोर को लेकर क्या कहा?- ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (ष्टढ्ढस्स्न) के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है। शाह ने ष्टढ्ढस्स्न की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह बल देश के प्रमुख प्रतिष्ठानों को सुरक्षा देकर आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी प्रगति की है।

## रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी मंजूरीः संजय राउत ने केंद्र सरकार को घेरा;विपक्षी नेताओं ने भी दागे तीखे सवाल

संजय राउत सहित विपक्षी नेताओं ने अमेरिका की रूसी तेल मंजूरी पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। विपक्ष ने इस पूरे मुद्दे को भारत की विदेश नीति और राजनीतिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए तीखी आलोचना की है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीद के मामले में भारत को एक महीने की मोहलत दिए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस मुद्दे को भारत की विदेश नीति और राजनीतिक स्वतंत्रता से जोड़ते हुए कहा है कि किसी भी देश को यह तय करने का



अधिकार नहीं मिलना चाहिए कि भारत कब और कितना तेल खरीदे।विदेश नीति पर बाहरी दबाव की चिंता- मीडिया से बातचीत करते हुए संजय राउत ने कहा, यह बात समझ से परे है कि कोई दूसरा देश भारत को इस तरह परमिशन दे। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी अनुमति आमतौर पर एक ताकतवर देश अपने अधीन या कमजोर देश को देता है। अगर भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए एक महीने की छूट दी गई है, तो इसका मतलब है कि हमारी विदेश नीति कहीं न कहीं दूसरे देश के इशारों पर चल रही है। उन्होंने इसे भारत की राजनीतिक स्वायत्तता के लिए एक चिंताजनक संकेत बताया।अमेरिका के अधीन और गुलाम होने का आरोप- संजय राउत ने आरोप लगाया कि रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका से अनुमति लेना यह दर्शाता है कि भारत अमेरिका के अधीन और गुलाम है। उन्होंने कहा, अब अमेरिका जो कहेगा भारत वही करेगा।

## समुद्र बन रहे वैश्विक शक्ति संतुलन का केंद्र, पश्चिम एशिया संकट पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर चिंता जताते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में समुद्र शक्ति संतुलन का केंद्र बन गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी में अस्थिरता से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बदलती वैश्विक राजनीति में समुद्र एक बार फिर दुनिया की शक्ति संतुलन का केंद्र में आ गए हैं। अब यह भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास और पूरी क्षमता के साथ समुद्री क्षेत्र में नेतृत्व करे।राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया के ताजा घटनाक्रम को असामान्य बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस



इलाके के हालात पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर डाल सकते हैं। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह सामान्य नहीं है। इस समय यह कहना मुश्किल है कि वहां के हालात आगे किस दिशा में जाएंगे

व्यापार को हो रहा नुकसान- रक्षा मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह इलाका दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। जब भी इस क्षेत्र में कोई रुकावट आती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की सप्लाई पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज सिर्फ ऊर्जा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूसरे सामानों की सप्लाई चेन में भी रुकावटें आ रही हैं। इन अनिश्चितताओं की वजह से वैश्विक व्यापार को नुकसान हो रहा है।सिंह ने कहा कि मौजूदा हालात ने एक बार फिर समुद्रों की अहमियत को साबित किया है। उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक राजनीति के इस दौर में समुद्र शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं।

एक बड़े समुद्री देश के तौर पर भारत को साफ विजन के साथ आगे आना होगा। पश्चिम में तनाव चरम पर- हालांकि, रक्षा मंत्री ने श्रीलंका के पास अमेरिकी हमले में ईरानी युद्धपोत के डूबने का सीधा जिक्र नहीं किया। बता दें कि ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना भारत की मेजबानी वाले मिलान नौसैनिक अभ्यास से लौट रहा था, तभी उसे निशाना बनाया गया। इस हमले में 87 ईरानी नाविकों की मौत हो गई। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका ने 28 फरवरी को ईरान पर बड़े सैन्य हमले किए थे, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की जान चली गई। इसके जवाब में ईरान ने इजरायल और कई खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इनमें यूएई, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और सऊदी अरब जैसे देश शामिल हैं। पिछले तीन दिनों से दोनों तरफ से भीषण हमले जारी हैं।

## संपादकीय Editorial

# The Friendship of the 'Iron Dome'

Prime Minister Modi became the first Indian Prime Minister to address the Israeli Parliament, but he is the only Prime Minister to have addressed the Parliaments of 18 countries. This is not an individual achievement, but rather the strength of Indian democracy. India's prestige and standing have been demonstrated through the Prime Minister. India is a global superpower, has the fastest-growing economy, and is the largest and most robust democracy. This has also been acknowledged and expressed by Israeli Prime Minister Netanyahu. Prime Minister Modi again visited a country that is not recognized by 10 Arab countries, yet no Muslim country openly opposed Prime Minister Modi's visit. In India, left-wing forces have been clamoring for the de-recognition of Israel. India recognized Israel in 1992 when the Congress-led PV Narasimha Rao government was in power, and some left-wing MPs supported that minority government. However, the crucial question is why Israel, with a population of approximately 12 million, roughly equivalent to the state of Meghalaya, is such an important and strategic partner for India, which has a population of over 1.47 billion people. Because Israel is also a proven friend of India in innovation, science and technology, AI, cybersecurity, high-tech manufacturing, services, desert farming, water technology, and defense cooperation. It will provide India with the "Heron" drone, capable of flying at an altitude of 35,000 feet for 45 hours and carrying 470 kg of cargo. Israel is a "master nation" of drone technology. It is also a "powerhouse" of innovation. It has revolutionized agriculture and possesses the "Iron Dome" air defense system, which boasts a success rate of close to 90 percent. Mossad's intelligence exploits are unparalleled. A country less than half the size of the capital, Delhi, is India's third-largest defense partner and strategic partner... Russia supplies the largest share of our defense products and weapons, 36 percent, and France 33 percent, but Israel also contributes 13 percent. The Iron Dome is a system that Israel has only supplied to the United States and can now provide to India. The announcement of defense and trade agreements between the two countries will clarify the basis on which Israel will provide the Iron Dome. Truly, this India-Israel Iron Dome marks a new chapter in friendship and brotherhood. Relations between the two countries are 2,000 years old, as Prime Minister Modi mentioned, and Israeli Prime Minister Netanyahu also stated that both are countries with ancient civilizations. India is a "home" for Jews. Jews are settled in major Indian cities. There are no major cases of harassment, exploitation, or violence. In fact, India has the largest number of Israeli startups active, and the Indian government is also supporting them. Prime Minister Modi acknowledged both countries as victims of terrorism and equated the 26/11 Mumbai terrorist attacks with the October 7, 2023, Hamas massacre in Israel. He condemned the Hamas massacre. From the podium of the Israeli Parliament, the Prime Minister stated that the killing of civilians is in no way justified. Nevertheless, the India-Iron Dome friendship and partnership is flourishing.

# RERA has deviated from its original purpose.

RERA must take strict and proactive action that establishes discipline and ensures timely completion of delayed projects. RERA must establish a system that eliminates complaints, and only then will it be able to achieve new heights of success. The law is strong. What is needed now is a strong resolve. The Supreme Court issued a strong remark calling for RERA's closure. RERA was benefiting defaulting builders and becoming a rehabilitation center. The law's objective was transparency, but implementation remained weak. Nine years into the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016, RERA, has recently completed its nine-year anniversary, with the Supreme Court's harsh comments against it drawing attention. This law was enacted with the hope that it would help home and flat buyers and provide relief from the arbitrariness and corruption of builders, but the opposite is happening. The Supreme Court stated that RERA's closure is best because it is benefiting defaulting builders and has become a rehabilitation center for retired IAS officers. It's time for state governments to reconsider the formation of RERA. Parliament enacted RERA to bring discipline, transparency, and public trust to the real estate sector. Unlike consumer laws, RERA wasn't solely intended to provide compensation after losses have occurred. RERA was designed to prevent losses before they occur. That is, continuous monitoring and strict action were its true strengths. The question is: was it implemented properly? If RERA's provisions were strictly enforced and builders were thoroughly and thoroughly vetted at the time of registration, most projects would be completed on time and without complaints. In such a situation, builders would make timely project completion a matter of prestige. A properly implemented law doesn't just punish; it creates a system where good performance can be seen and measured.



Only when projects are completed on time and without controversy can slogans like "If RERA is there, there is trust," truly inspire trust and not remain mere rhetoric. However, the reality is that registration has become a mere paperwork-uploading process. There have been numerous instances where builder brochures showcased multiple projects across the country, but only one project was registered on the RERA portal, and complaint data was scant. When project features are listed differently on the builder's website, approved plans, and the RERA portal, how can a homebuyer obtain accurate and precise information about the project? If the information itself is unclear, what real benefit does the RERA web portal offer homebuyers? Even the draft sale agreement, which is required by law to be uploaded on the RERA website, is often unavailable. This indicates that projects are not being properly registered and that proper scrutiny is not being conducted at the outset. RERA states that project deadline extensions should only be granted in exceptional circumstances, but extensions are common in many states. Even after extensions, not all buyers automatically receive compensation. While delays generally have no direct financial impact on the builder, they are costly for homebuyers. By law, this should also be costly for the builder. Today is the age of data analytics and artificial intelligence. Authorities can compare actual construction progress with reports, monitor financial flows, identify risks, and anticipate any future delays or disputes, enabling timely corrective action. However, they lack the focus on prevention, the primary purpose of the law. A sale agreement available on the Maharashtra Real Estate Regulatory Authority (MahaRERA) website states that if a buyer fails to take possession within 15 days, a holding charge of ?40 per square foot per month will be payable. This amounts to ?40,000 per month for a 1,000-square-foot flat. The law gives buyers 60 days to take possession. The rules also state that delays will primarily result in maintenance charges. Yet, such provisions are being openly incorporated by builders. When the builder himself causes delays, there is no provision for an "un-holding charge" for the buyer, while the buyer has to pay the EMI and rent simultaneously. Builders seem to assume that strict action will not be taken against them. Laws only work when breaking rules is costly. If breaking rules becomes cheap, discipline is lost. When following rules seems optional and there is no significant loss from breaking them, the law loses its effectiveness. Even strong laws implemented leniently are ineffective. RERA will only succeed when its authorities return to their original responsibility and protect homebuyers by strictly enforcing the provisions of the law. RERA should take strict and proactive action that establishes discipline and ensures timely completion of delayed projects. RERA must create a system where complaints are never allowed, and only then will RERA be able to achieve new heights of success. The law is strong. Now, what is needed is strong resolve.

# Canada's Mistakes to Correct

India cannot forget that the pro-Khalistan terrorists who blew up the Air India plane, killing over 300 passengers, have not been given any severe punishment, and they are also occasionally glorified there. This must end for a real improvement in relations. Canada's new PM has corrected the previous government's mistakes. Trudeau damaged relations by encouraging pro-Khalistan supporters. India needs concrete action against Khalistani extremists. Before Canadian Prime Minister Mark Carney's visit to India, the Canadian government stated that crimes committed in their country had no connection to India. This is not just a correction, but a testament to how the previous government, led by Justin Trudeau, pursued an anti-India agenda for narrow political reasons. Justin made such absurd statements blaming India for the murder of Hardeep Singh Nijjar, a pro-Khalistan terrorist who fled India and entered Canada illegally, that strong allegations of Indian involvement in the murder have emerged. By making ridiculous accusations instead of evidence, he not only made a fool of himself but also proved that he was bent on damaging relations with India at the behest of pro-Khalistan leader Jagmeet Singh. It's true that his minority government was dependent on the support of Jagmeet's party, but that doesn't mean he would succumb to its pressure to the extent of damaging relations with India. Minority governments typically yield to pressure from supporting parties on domestic matters, but the Trudeau government bowed to Jagmeet's party on foreign policy. The problem wasn't just that Justin Trudeau was advancing the agenda of pro-Khalistan leaders, but also that he was supporting anti-India elements. The adverse effect was that pro-Khalistan extremists operating in Canada regularly staged violent protests against India. They threatened officials of India and the Indian High Commission, but Justin remained silent. This forced India to take a tough stance against them. It is good that his successor, Prime Minister Mark Carney, has been making efforts to improve relations with India from day one. However, the Indian leadership cannot be satisfied simply with the new government correcting the previous government's mistakes. India must see whether any concrete legal action is taken against Khalistani supporters who continue to carry out systematic propaganda against India in Canada. India cannot ignore the fact that pro-Khalistani extremists in Canada continue to pose a threat to Indian interests. India also cannot forget that the pro-Khalistani terrorists who bombed the Air India plane, killing over 300 passengers, have not been given any severe punishment and are occasionally glorified there. For a real improvement in relations, this must end.



# बेऔलाद पति ने पत्नी को मारकर की खुदकुशी: दूसरी शादी करना चाहता था विनोद, महिला को पहले भी छोड़ आया था मायके





विनोद ने संतान न होने पर पत्नी ममता की हत्या कर दी। वह दूसरी शादी करना चाहता था। बाद में विनोद ने खुद भी जान दे दी। पत्नी की हत्या करने के बाद जान देने वाला विनोद दूसरी शादी करना चाहता था। रिश्तेदार और दोस्तों से वह अपनी शादी को लेकर बातचीत करता था। एक दोस्त के जरिए वह बिहार भी गया था। वहां भी उसने कई जगह शादी की बात की थी लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। विनोद उर्फ विक्की और ममता की शादी करीब नौ साल पहले हुई थी। शुरुआत के दो साल तक जब ममता को कोई संतान नहीं हुई तो विनोद ने ममता को तीन साल तक डॉक्टरों को दिखाया और उसका इलाज कराया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। करीब दो साल पहले विनोद ने दूसरी शादी करने का मन बना लिया था।ममता की मां शीला ने पुलिस को बताया कि विनोद संतान न होने के कारण ममता को परेशान करता था। वह दूसरी शादी करना चाहता था। वह अपने एक दोस्त के साथ तलाश भी कर रहा था। उसने ममता को मायके में छोड़ दिया था और कहने लगा था कि अब उसे अपने साथ नहीं रखेगा।

इस मामले में ममता के भाई ने थाने में तहरीर भी दी थी लेकिन दो माह बाद विनोद मायके गया और पत्नी को ले आया था। इसके बाद से पति पत्नी साथ ही रहे थे।होली पर दोनों बहुत खुश थे और उन्होंने साथ में होली खेली और डांस भी किया था। इसके बाद विनोद ने पत्नी से कहा कि उसके मायके चल रहे हैं। ममता ने मना भी किया और अगले दिन चलने की बात कही थी लेकिन विनोद नहीं माना और उसे अपने साथ ले गया था।

बच्चा गोद लेने को राजी हो गए थे दोनों- विनोद उर्फ विक्की मां अंजली ने बताया कि पति पत्नी में कोई विवाद नहीं था। दोनों साथ ही दुकान पर बैठे थे। संतान न होने को लेकर दोनों ही दुखी थी। विनोद और ममता बच्चा गोद लेना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने बच्चे की तलाश शुरू कर दी थी।यह है मामला- यूपी के मुरादाबाद जिले के सिविल लाइंस के नया गांव निवासी पेशे से इलेक्ट्रीशियन विनोद उर्फ विक्की (37) ने बुधवार दोपहर तक अपनी पत्नी ममता (35) के साथ घर में होली खेली। होली के गीतों पर दोनों ने खूब डांस किया। दोपहर को करीब दो बजे विनोद अपनी पत्नी ममता को लेकर उसकी मां से मिलवाने के लिए निकला और सोनकपुर ओवरब्रिज के पास जंगल में गला रेतकर ममता की हत्या कर दी। बाद में वहीं पेट में चाकू मारकर खुदकुशी कर ली। नौ साल बाद भी नहीं थी कोई संतान- यह पूरा घटनाक्रम विनोद ने मृत्यु से पूर्व पुलिस को दिए बयान में खुद स्वीकारा है। घटना के पीछे पति-पत्नी का विवाद बताया जा रहा है। शादी के नौ साल बाद भी इनके कोई संतान नहीं थी। विनोद दूसरी शादी करना चाहता था। इसे लेकर दोनों में झगड़ा होता था।सिविल लाइंस के नया गांव पीएसी निवासी विनोद उर्फ विक्की की शादी करीब नौ साल पहले हरथला रेलवे स्टेशन के पास रहने वाली ममता के साथ हुई थी। विनोद इलेक्ट्रीशियन था और नवीन नगर में अशोका पार्क के पास उसकी दुकान थी। पति-पत्नी दोनों ही दुकान पर बैठते थे। परिवार में मां अंजली, बड़ा भाई राज कुमार उर्फ राजू और एक बहन पूनम है। तीनों भाई बहन की शादी हो चुकी थी। मां अंजली ने पुलिस को बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे विनोद ने अपनी पत्नी से कहा कि होली मिलने उसके मायके हरथला चल रहे हैं। दोनों तैयार होने के बाद बाइक से चले गए। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब तीन बजे मझोला थाना पुलिस को सूचना मिली कि सोनकपुर ओवर ब्रिज के पास एक युवक खून से लथपथ अवस्था में पड़ा है।पति ने कबूला अपना गुनाह- पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवक को जिला अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद भी जान देने के लिए पेट में चाकू मारे हैं। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और उसकी पत्नी ममता को भी खून से लथपथ अवस्था में लेकर अस्पताल आई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर बाद विनोद ने भी दम तोड़ दिया। ममता के मायके वालों ने बताया कि शादी के नौ साल बाद भी बच्चा पैदा नहीं होने पर विनोद उसे तंग करता था। वह दूसरी शादी करना चाहता था। ममता अपने पति की दूसरी शादी कराने के लिए तैयार भी थी लेकिन फिर भी वह झगड़ा करता था। ममता के भाई ने मझोला थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन को तंग करता था।

# ग्राम प्रधान के चुनाव को लेकर चले लाठी-डंडे, 53 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट, गांव में फैला तनाव



सिरसखेड़ा गांव में दो पक्षों के बीच चुनाव की रंजिश के चलते मारपीट हो गई। पुलिस ने 53 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है।मूंढापांडे थानाक्षेत्र के सिरसखेड़ा गांव में आगामी प्रधान के चुनाव को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस 33 नामजद समेत 20 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। सिरसखेड़ा निवासी अब्दुला का आरोप है कि प्रधान इकरार उनसे रंजिश रखते हैं। बुधवार को दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई थी।इसके बाद लोगों ने दोनों पक्षों को शांत करा दिया था। आरोप है कि प्रधान के समर्थक जाकिर ने बृहस्पतिवार को फोन पर उनके साथ गाली गलौज की। अब्दुल्ला के चाचा वहीद दोपहर को पैदल जाकिर के घर पास से गुजर रहे थे। आरोप है कि प्रधान इकरार, जाकिर, शमशाद फरजंद ने उन्हें घेर लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया।जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई है। आरोप है जाकिर ने इस दौरान फायरिंग भी की। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि एसआई नरेंद्र की तहरीर पर दोनों पक्षों के 33 नामजद और 15-20 अज्ञात आरोपियों पर मारपीट, फायरिंग, जानलेवा हमला, बलवा, गुंडा एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज की गई है।

पकौड़ी विक्रेता को पीटा, पांच के खिलाफ रिपोर्ट- बिलारी के मनकूला गांव में रंजिशन पकौड़ी विक्रेता को पीटकर घायल करने के मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मनकूला गांव निवासी अरशद की ओर से बृहस्पतिवार शाम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि दोपहर के समय वह गांव में ही पकौड़ी का ठेला लगा रहा था।

इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव निवासी इरफान, शाहिद, हसन अली, इरफान के परिवार की सायमीन और शबनम ने उसे घेरकर गाली देनी शुरू कर दी। विरोध करने पीटकर घायल कर दिया।

शोर सुनकर जब उसकी पत्नी बचाने आई तब उसके साथ भी मारपीट की। ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ई-रिक्शा चालक को घर से बुलाकर पीटा- कांठ के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव संजरपुर सुल्तानपुर का सचिन ई-रिक्शा चलता है। उसका आरोप है कि बृहस्पतिवार की दोपहर उसके एक रिश्तेदार ने फोन करके उसे छजलैट तिराहा पर बुलाया। जब वह तिराहा पर आया तो उसने अपने तीन साथियों को भी बुला लिया। सभी ने उसे पीटा और धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कार्रवाई के लिए छजलैट पुलिस को तहरीर दी है।

शराब पीने से मना करने पर पत्नी को पीटा-ठाकुरद्वारा में शराब पीने से मना करने पर महिला को पति ने पीट कर घायल कर दिया। गांव कालाझंडा निवासी एक महिला ने अपने पति के होली पर शराब पीने का विरोध किया तो उसने पत्नी की पिटाई कर दी। इस पर महिला ने इसकी सूचना 112 डायल पुलिस को दी। पुलिस महिला और उसके पति को कोतवाली ले आई। महिला ने बताया कि उसका विवाह करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था।

महिला की सूचना पर उसके मायके वाले भी कोतवाली में आ गए, बाद में महिला अपने मायके वालों के साथ चली गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला ने पहले से अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा कर रखा है। महिला को समझौता लिखकर दे दिया गया। इस कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

घर में घुसकर फायरिंग की- कटघर थाना क्षेत्र के मछुआपुरा में बुधवार देर रात कुछ लोगों ने एक महिला के घर में घुसकर तमंचे से फायरिंग की। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बृहस्पतिवार की दोपहर पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए। उन्हें कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कटघर के मछुआपुरा निवासी महिला शिमला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे वह अपने घर में मौजूद थी। इसी दौरान अतुल सक्सेना अपने साथी अंशुमन उर्फ गप्पू और दो अज्ञात साथियों के साथ घर में घुस आया। आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में महिला और उसकी दो बेटियां बाल-बाल बची गई।

शोर शराबा होने पर लोग आए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि आरोपी अतुल सक्सेना और अंशुमन उर्फ गप्पू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों से तमंचा भी बरामद किया गया है। बृहस्पतिवार की दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## होली पर मंडल में चौदह सड़क हादसे, चंडीगढ़ की दंपती समेत 15 लोगों की जान गई, 35 से अधिक पहुंचे अस्पताल

मुरादाबाद मंडल में होली पर 14 सड़क हादसे सामने आए। इसमें 15 लोगों को जान गंवानी पड़ी। कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुरादाबाद मंडल में होली पर हादसों से कई जगह रंग में भंग हो गया। इन हादसों में चंडीगढ़ के एक दंपती समेत 15 लोगों की मौत हो गई। रामपुर में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई, जबकि संभल में हादसों में मरने वालों की संख्या पांच है। मुरादाबाद जनपद में तीन लोगों की जान चली गई।अमरोहा में भी एक युवक की जिंदगी हादसों की भेंट चढ़ गई। इनसे जुड़े परिवारों में त्योहार की खुशियां गमगीन माहौल में तब्दील हो गईं, जबकि दो परिवारों में रमजान की इबादत के बीच परिजनों को दुखद घटना का सामना करना पड़ा। रामपुर के शाहबाद में दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक पर सवार दंपति इंद्रपाल (52) और उनकी पत्नी लज्जावती (50) की मौत हो गई।वह चंडीगढ़ निवासी थे। शाहबाद के खेड़ा गांव में रिश्तेदारी में आए थे। जिले में एक अन्य हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र में बुधवार को अहमदाबाद गांव के पास हुआ, जहां डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार किसान सौरभ (35 की जान चली गई। वह मिलक के बहादुरगंज निवासी थे। मिलक में सिमरा मोड़ पर गांव खाता चिंतामन निवासी बाइक सवार नरेश (30) की मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र में एक अन्य दुर्घटना में हल्दुआ गांव निवासी सुनील (25) ने दम तोड़ दिया। उधर, स्वार क्षेत्र में तेज रफ्तार थार पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में थार सवार स्वार निवासी इरशान (17) की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया। इरशान के परिवार में रमजान की इबादत के बीच दुखद खबर आने से कोहराम मच गया। संभल जिले में हादसों में पांच लोगों की सांसें थम गईं। रजपुरा क्षेत्र में बहटकरन-सैतुआ मार्ग पर मंगलवार की दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत में गांव हिरौनी निवासी ओवेंद्र (30) और गांव सिंघौली पूर्वी निवासी बिजेंद्र (40) की मौत हो गई। दोनों अलग बाइकों पर सवार थे। उधर, हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव महोरा लखूपुरा में बुधवार दोपहर बाइक बिजली के पोल से जा टकराई। बाइक सवार अर्जुन यादव (22) की मौत हो गई। अर्जुन का साथी संदीप कुमार घायल है। इसके अलावा संभल के रायसत्ती थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंजू सराय में चुंगी के पास बुधवार दोपहर बैक करते समय ट्रक ई-रिक्शा से टकरा गया। रिक्शा चालक फारुक (33) की मौत हो गई। दूसरी ओर, असमोली थाना क्षेत्र में मनोटा-रतनपुर कलां मार्ग पर गांव मतावली पट्टी जग्गू में बृहस्पतिवार की दोपहर सुधांशु उर्फ छोटू (18) की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुधांशु की जान चली गई। मुरादाबाद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन लोग सड़क हादसों में जान गंवा बैठे। मुरादाबाद के डिलारी के गांव रहटा माफी निवासी विशेष कुमार सैनी (22) की बाइक बुधवार को बिजली के पोल से टकरा गई। बाइक चला रहे विशेष की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने दोस्त मिथुन के साथ अपने चचेरे जीजा सुरजननगर निवासी मनीष कुमार के यहां होली मिलने जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद के भोगपुर में दो पक्षों में पथराव, पत्थर लगने से महिला की मौत, टूट गई थी सिर की हड्डियां

भोगपुर के बीजना में होली खेलने के दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों के बीच पथराव और डंडे चलने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



मुरादाबाद के भोजपुर थानाक्षेत्र के बीजना में होली खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। इसमें पत्थर लगने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर पर बाप बेटे समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।भोजपुर के बीजना निवासी मुकुट सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे गांव में होली खेली जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी जागन सिंह के परिवार के बच्चों से हमारे परिवार के बच्चों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि जागन सिंह, उनके बेटे राजीव और रिंकू के साथ लाठी-डंडे लेकर गया और उसने हमारे परिवार के लोगों पर हमला कर दिया था।इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया। इस मामले में मुकुट सिंह के पिता रामकिशोर, मां लक्ष्मी देवी और बहन किरण गंभीर रूप से घायल हो गए। पत्थर लगने से लक्ष्मी के सिर में गंभीर चोट लगी। परिजनों ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई।

बृहस्पतिवार को पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि लक्ष्मी के सिर की हड्डियां टूट गई थीं और अधिक खून बह जाने से उसकी मौत हो गई। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। मझोला में नाले में मिला युवक का शव- मझोला थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की सुबह नाले में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव नाले से बाहर निकाला गया। पुलिस मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। मझोला थाना क्षेत्र में करूला की पुलिया के पास बृहस्पतिवार की सुबह बच्चे खेल रहे थे। उन्होंने नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा तो शोर मचा दिया। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी जानकारी मिलने पर मझोला थाने से पुलिस भी आ गई। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम को बुला लिया। इसके बाद शव को नाले से बाहर निकाला गया। उसका शरीर बुरी तरह गल गया था। आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। मृतक की उम्र करीब 35 साल रही होगी। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। ठेले पर शव ले गई पुलिस, वीडियो वायरल- मुरादाबाद पुलिस ने पहले ठेले पर शव रखा और एंबुलेंस तक ले गई। इसी दौरान किसी वे वीडियो बना लिया और इससे अमानवीय व्यवहार बताते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस की ओर से बयान दिया गया कि जहां शव पड़ा मिला था वहां तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई थी। एंबुलेंस तक ठेले में शव रखा गया था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पुलिस की होली में आला अधिकारियों का खूब दिखा रंगीला अंदाज, फिल्मी गानों पर खुलकर सभी ने किया डांस









क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अपनी ड्यूटी के कारण होली के मुख्य त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहने वाली पुलिस ने इसके अगले दिन गुरुवार को जमकर होली मनाई। सुबह से ही पुलिस लाइन्स और आला अधिकारियों के आवासों पर जश्न का माहौल शुरू हो गया। क्या अधिकारी और क्या सिपाही, सभी ने आपसी भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और त्योहार की खुशियां साझा कीं। होली के इस विशेष अवसर पर पुलिसकर्मियों की टोलियां एकजुट होकर एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय साहनी, डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य के आवासों पर पहुंची। अधिकारियों ने भी अपने मातहतों का गर्मजोशी से स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के साथ कदम से कदम मिलाकर डांस किया, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया। पुलिस लाइन में दिखा अलग ही उल्लास जश्न का मुख्य केंद्र पुलिस लाइन रहा, जहां सुबह से ही हुरियारों की टोली ढोल की थाप पर थिरकती नजर आई। ड्यूटी की थकान और अनुशासन की बंदिशों को किनारे रख पुलिसकर्मी होली के गीतों पर झूमते दिखे। एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। महिला पुलिसकर्मियों ने भी किया धमाल इस बार पुलिस की होली में नारी शक्ति का भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों ने न केवल एक-दूसरे को गुलाल लगाया, बल्कि फिल्मी और गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। महिला थाने से लेकर पुलिस लाइन तक महिला कर्मियों का जोश देखते ही बन रहा था। इस दौरान डीआईजी अजय साहनी, एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसपी अंशिका वर्मा , एस पी ट्रैफिक अकमल खां तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में दिखा उल्लास, गर्मजोशी से लोग मिले गले



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। होली के पावन पर्व पर दी हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट की तरफ से जीआरएम के मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मेले में लोगों की खासी भीड़ रही। लोग हर्षोल्लाह के साथ एक दूसरे से गले मिले और होली की बधाई दी। होली मिलन समारोह का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया। समारोह में सामाजिक संगठनों के साथ ही राजनीतिक दलों के पांडाल सजे रहे। भाजपा के पंडाल पर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, जिला अध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, सपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ अनीश बेग, लोग खुशहाली चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर विनोद पागरानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला को प्रेमी ने चलती ट्रेन से प्रेमिका को फेंका , मौत

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। चलती ट्रेन में पानी को लेकर हुए झगड़े के बाद सहमति से संबंध में रह रही 35 वर्षीय महिला रुखसाना को उसके प्रेमी ने चलती ट्रेन से फेंक दिया।

इससे महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जीआरपी ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। महिला के प्रेमी को हिरासत में ले लिया गया है। जीआरपी ने महिला के परिवार को सूचना दी है, उनके आने पर तहरीर लेकर कार्रवाई का दावा किया जा रहा है। जीआरपी बरेली सिटी थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश के भोपाल की निवासी रुखसाना को उसके पति इरफान ने छोड़ दिया था। रुखसाना के दो बच्चे शादाब और समीर ननिहाल में रहते हैं।

रुखसाना काफी समय से मैनपुरी के किशनी निवासी एक युवक के साथ सहमति संबंध में रह रही थी। बरेली के सुभाषनगर में यह दोनों किराये के मकान में रहते हैं।

बृहस्पतिवार के लिए रुखसाना और उसका प्रेमी 55307 कासगंज-रामनगर पैसेंजर से बरेली आए थे। यह गाड़ी शाम 5¬40 बजे बरेली सिटी पहुंची। जीआरपी को सूचना मिली कि रुखसाना और प्रेमी के बीच पीने के पानी को लेकर झगड़ा हो गया था। रुखसाना ने ट्रेन से कूदने की धमकी दी तो प्रेमी ने उसे धक्का दे दिया। रुखसाना के ट्रेन से कटकर दो टुकड़े हो गए। इंस्पेक्टर जीआरपी ने बताया कि उसके प्रेमी से पूछताछ की जा रही है। रुखसाना के परिवारवालों को सूचना दी गई है। उनके आने और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में थमी पछुआ की रफ्तार, अब गर्मी दिखएगी अपना रंग; बुंदेलखंड पारा 35 के पार

उत्तर प्रदेश में पछुआ की रफ्तार थम गई है। अब गर्मी अपना रंग दिखएगी। बुंदेलखंड समेत और दक्षिणी यूपी के कई जिलों में पारा 35 के पार पहुंच गया है।उत्तर प्रदेश में मार्च के पहले ही सप्ताह से गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेश में बीते कई दिनों से मौसम शुष्क बना हुआ है। दिन में तेज धूप के कारण तपिश लगातार बढ़ रही है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इससे लोगों को अच्छी खासी गर्मी का अहसास होने लगा है।ऊधर, बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी के कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग का कहना है कि बृहस्पतिवार से पछुआ हवाओं की रफ्तार धीमी पड़ गई है। इसके चलते आने वाले दिनों में तापमान के और बढ़ने की संभावना है। बृहस्पतिवार को बांदा, झांसी, हमीरपुर और उरई समेत बुंदेलखंड के कई इलाकों में तेज धूप के कारण गर्मी का असर साफ दिखाई दिया।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पछुआ हवाओं की गति कम होने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। झांसी में पारा 36 डिग्री के पार- बृहस्पतिवार को 36.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ झांसी सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं आगरा में 35.5 डिग्री और बांदा में 35.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।






# औद्योगिक गलियारा, हजार हेक्टेयर भूमि की तलाश




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बरेली जनपद में औद्योगिक विकास की कवायद शुरू हो गयी है। जनपद में एक हजार हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए मंजूरी मिली है। यह औद्योगिक गलियारा निर्माणाधीन, प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर बनाया जाएगा, जहां से औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार का पत्र डीएम के पास पहुंचने के बाद भूमि की तलाश शुरू हो गयी है। यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन के निर्देश पर यूपीडा वर्तमान में 42 जनपदों में औद्योगिक गलियारा विकसित कराने के लिए प्रयारसत है। निवेशकों की अभिरुचि के मद्देनजर बरेली सहित अन्य जनपदों में भी औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना है। औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि का अर्जन कई मानकों को ध्यान में रखते किया जाना है। भूमि निर्मित/निर्माणाधीन या प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर स्थित होनी चाहिए जिससे औद्योगिक क्षेत्र से आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# हमले का शिकार हुआ ईरानी नौ सैनिकों का जहाज, कुछ दिन पहले आए थे आगरा; ताज के सामने ली थी सेल्फी



विशाखापट्टनम में नौसैनिक अभ्यास के लिए भारत आए ईरानी नौसैनिकों ने आगरा घूमकर ताजमहल के सामने सेल्फी ली और खरीदारी की। लेकिन कुछ ही दिनों बाद उनका जहाज समुद्र में हमले का शिकार हो गया, जिससे उनकी भारत यात्रा की यादें आखिरी बन गईं।भारत की यात्रा पर आए ईरानी नौसैनिकों के लिए आगरा की सैर जिंदगी की आखिरी खुशी बनकर रह गई। ईरानी सैनिक विशाखापट्टनम में आयोजित नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए आए भारत आए थे। इस दौरान उन्होंने देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया था। वे आगरा भी पहुंचे, जहां उन्होंने ताजमहल का दीदार किया और ताज के सामने सेल्फी भी ली थी। ईरानी नौ सैनिकों ने आगरा में कुछ समय बिताया। उन्होंने ताज का दीदार किया और खरीदारी भी की थी। प्रेम की इमारत कहे जाने वाले ताजमहल को देखकर वे काफी उत्साहित थे। उन्होंने अपने मोबाइल फोन में इस यादगार पल को कैद कर लिया था। लेकिन ये यादें समुद्र में हुए हमले ने छीन लीं। जानकारी के अनुसार भारत से लौटने के कुछ ही दिनों बाद उनका जहाज़ समुद्र में एक हमले का शिकार हो गया। इस घटना के बाद उन नौसैनिक की भारत यात्रा से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ रहे है, जिनमें वे ताजमहल के सामने मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

# तेल संकट की आशंका में पेट्रोल पंपों पर लगने लगीं कतारें



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान का युद्ध लंबा खिंचता देखकर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इजाफा होनी की आशंका बढ़ने लगी है। इसके बाद लोग गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं, ताकि संभावित कीमतों में बढ़ोतरी से पहले ईंधन का सुरक्षित भंडार किया जा सके। समेत कई पेट्रोल पंपों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की कतारें रहीं। वाहन मालिकों का साफ कहना था कि अगर हालात बिगड़े और तेल की कीमतें बढ़ीं, तो इसका असर सीधे आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। हालांकि अभी तक भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक बढ़ोतरी की घोषणा नहीं हुई है। चर्चा यह भी है कि कुछ पंप संचालक संभावित मूल्य वृद्धि का इंतजार कर रहे हैं। इधर, जानकारों के अनुसार, भारत अपने अधिकांश कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से करता है, इसलिए इस क्षेत्र में किसी भी अस्थिरता का असर घरेलू तेल बाजार पर पड़ना स्वाभाविक है। इसका परिणाम यह होगा कि परिवहन लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ेगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# 30 मार्च से शुरू होगी बरेली से नवी मुंबई की फ्लाइट




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। होली पर बरेलियंस वालों के लिए होली पर बड़ा तोहफा मिला है। जिस नवी मुंबई फ्लाइट के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, अब उसका इंतजार जल्द ही समाप्त हो जाएगा। 30 मार्च से बरेली से नवी मुंबई फ्लाइट का संचालन शुरू हो जाएगा। फ्लाइट संचालन का शेड्यूल बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास पहुंच गया है। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को यह फ्लाइट संचालित होगी, जबकि शनिवार को बेंगलुरू फ्लाइट संचालित होगी।

बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि नवी मुंबई फ्लाइट संचालन के लिए शेड्यूल प्राप्त हो गया है। नवी मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरकर फ्लाइट दोपहर 1.35 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड होगी। करीब 45 मिनट रुकने के बाद फ्लाइट 2.20 बजे बरेली एयरपोर्ट से नवी मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उन्होंने बताया कि मुंबई फ्लाइट का संचालन कुछ समय के लिए रोककर नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू की जा रही है। अभी तक मुंबई के लिए फ्लाइट रविवार, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार है, लेकिन 30 मार्च से नवी मुंबई के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट रविवार को नहीं जाएगी। 30 मार्च से रविवार के लिए बरेली से कोई फ्लाइट संचालित नहीं होगी। हालांकि शनिवार को दो फ्लाइट हो जाएंगी। नवी मुंबई के साथ बेंगलुरू फ्लाइट भी संचालित होगी। बेंगलुरू फ्लाइट अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही 2.20 बजे बरेली पहुंचेगी और 45 मिनट के बाद उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट हाल ही में चालू हुआ है। नवी मुंबई के लिए 186 सीटर एयरबस उड़ान भरेगी।

# मौसम का चढ़ा पारा, रात में भी होने लगा गर्मी का अहसास, दिन में सताएगी धूप



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। मार्च से शुरू तापमान में बढ़त का सिलसिला 30 डिग्री के पार पहुंच गया। अब रात में भी गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने सप्ताह भर तक तापमान में तीन डिग्री तक बढ़त का अनुमान जताया है। धूल भरी हवा भी चलेगी। बादल मंडरा सकते हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से जारी बुलेटिन के अनुसार, फरवरी में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता कम रही। बारिश भी सामान्य से कम हुई। लिहाजा, फरवरी के आखिरी सप्ताह में दिन का पारा सामान्य से एक से तीन डिग्री और रात का एक से दो डिग्री अधिक रहा। फिलहाल भूमध्य रेखीय प्रशांत महासागर में जारी ला-नीना परिस्थिति में तटस्थता और हिंद महासागर में द्विध्रुव की स्थिति के संयुक्त प्रभाव से मार्च में औसत से अधिक तापमान बने रहने की संभावना है। विशेषज्ञ अतुल कुमार के मुताबिक सप्ताह भर तक कोई विक्षोभ सक्रिय न होने से धूप तेज होगी। पहाड़ों के बादल मैदान में प्रवेश करेंगे, लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम 17.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 72 फीसदी और गति 20-25 किमी प्रति घंटे दर्ज की गई।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने , शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलास्तरीय अधिकारी, दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं जनपद में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम के जरिए सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को जोड़कर जनसुनवाई की। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए।

# 13 मार्च को गूंजेगा मजदूर एकता का स्वर, भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन व होली मिलन समारोह



क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / भारतीय मजदूर संघ द्वारा 13 मार्च को आयोजित होने वाले जिला अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह को लेकर संगठन में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक रोडवेज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न हुई। इस दौरान पदाधिकारियों ने अधिवेशन को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति बनाई और अधिक से अधिक श्रमिकों व कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री ब्रह्म स्वरूप वर्मा, रोडवेज कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव, लघु उद्योग एवं रेहड़ी-पटरी प्रकोष्ठ के नंदकिशोर कश्यप तथा आनंद कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि 13 मार्च को प्रातः 11 बजे रोडवेज बस अड्डा परिसर में भारतीय मजदूर संघ का जिला अधिवेशन एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रांत स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ जिले के प्रमुख श्रमिक नेता भी शामिल होने की संभावना है, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अधिवेशन को मजदूर एकता, संगठन की मजबूती और आपसी भाईचारे का प्रतीक बनाया जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी कार्यकर्ताओं और श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# अयोध्या में अमिताभ बच्चन ने खरीदी 2.67 एकड़ जमीन, 35 करोड़ रुपये की हुई रजिस्ट्री



अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 2.67 एकड़ जमीन करीब 35 करोड़ रुपये में खरीदी है। यह जमीन 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' की परियोजना के पास सरयू तट के नजदीक स्थित है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन और रियल एस्टेट निवेश तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बड़े निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। फिल्म जगत के महानायक अमिताभ बच्चन ने राम नगरी अयोध्या में बड़ा निवेश किया है। जानकारी के अनुसार, उन्होंने 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' से 2.67 एकड़ भूमि करीब 35 करोड़ में खरीदी है। इस जमीन की रजिस्ट्री शुक्रवार को पूरी हुई।बताया जा रहा है कि यह जमीन सरयू तट के पास विकसित हो रही लक्ज़री भूमि परियोजना के नजदीक स्थित है। इस पूरे लेनदेन की प्रक्रिया एबी कॉर्प लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश यादव के माध्यम से संपन्न कराई गई।राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में लगातार बढ़ रहे पर्यटन, बेहतर कनेक्टिविटी और तेजी से हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कारण बड़े निवेशक और सेलिब्रिटीज भी यहां निवेश करने में रुचि दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में अमिताभ बच्चन का यह निवेश भी काफी चर्चा में है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में अयोध्या आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि रियल एस्टेट निवेश का भी बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में 2.67 एकड़ जमीन करीब 35 करोड़ रुपये में खरीदी है। यह जमीन 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' की परियोजना के पास सरयू तट के नजदीक स्थित है। राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटन और रियल एस्टेट निवेश तेजी से बढ़ रहा है, जिससे बड़े निवेशक आकर्षित हो रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, किसानों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाएं - जिलाधिकारी




क्यूँ न लिखूँ सच / पवन कुमार/ जनपद में संचालित भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई, निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संरक्षण एवं जल संरक्षण की योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने, बंजर भूमि के सुधार और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए सभी अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित करें, उन्हें योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना बीहड़ बंजर सुधार के अंतर्गत 501.86 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 300 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है। वहीं खेत तालाब योजना के अंतर्गत 230 तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 09 तालाब ही निर्मित किए गए हैं। इसी प्रकार भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम प्रथम द्वारा 300 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 190 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 10 तालाब बनाए गए हैं। भूमि संरक्षण इकाई राष्ट्रीय जलागम द्वितीय द्वारा 630 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष 294 हेक्टेयर में कार्य कराया गया है, जबकि 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 12 तालाब ही बनाए गए हैं। वहीं भूमि संरक्षण इकाई डीपीएपी द्वारा 552 हेक्टेयर के लक्ष्य के सापेक्ष केवल 195 हेक्टेयर में ही कार्य कराया गया है तथा 230 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष 10 तालाब ही बनाए गए हैं। प्रगति अपेक्षित न मिलने पर जिलाधिकारी ने चारों इकाइयों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए कार्यों में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कराए गए सभी कार्यों का स्थलवार फोटो प्रलेखन तैयार कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि फील्ड में सक्रिय रहकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसानों को योजनाओं से जोड़ते हुए जल संरक्षण एवं भूमि सुधार के कार्यों को अभियान के रूप में आगे बढ़ाएं, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी मधुवेश पाठक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अमरिया में सफाई व्यवस्था ध्वस्त! जाम नालियों से सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, गंदगी से त्रस्त ग्रामीण




क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत। अमरिया विकास क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण वे चोक हो गई हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। गांवों की गलियां कीचड़ और बदबू से पट गई हैं, जिससे ग्रामीणों का निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ती गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है।

सबसे खराब स्थिति ग्राम पंचायत भौनी में देखने को मिल रही है। यहां मुख्य मार्ग पर बनी नालियां लंबे समय से जाम पड़ी हैं, जिसके कारण नालियों का गंदा पानी सड़क पर फैल गया है। राहगीरों को गंदे पानी और कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण हालात और भी बदतर हो गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी केवल कागजों में सफाई दिखाकर औपचारिकता निभा रहे हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक तीन महीने से अधिक समय से कई मोहल्लों में सफाई कर्मचारी दिखाई तक नहीं दिए, जिसके चलते गांवों में गंदगी का अंबार लग गया है।

गौरतलब है कि होली और रमजान जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए प्रशासन की ओर से साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन निर्देशों का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा।

इस संबंध में जब एडीओ पंचायत अतुल कुमार पाठक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि जल्द ही सफाई कर्मियों की टीम भेजकर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा और समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इधर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सफाई व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए जाम नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांवों को गंदगी और बीमारियों के खतरे से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरिया में दबंगई: पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / पीलीभीत - अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम धुंधरी में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धुंधरी निवासी नरेशपाल पुत्र भीमसैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 03 फरवरी 2026 की शाम लगभग 5ः20 बजे गांव के ही रामकुमार पुत्र ओमप्रकाश ने उनके भाई पवन कुमार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पवन कुमार ने विरोध किया तो आरोप है कि रामकुमार ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित पवन कुमार को चोटें आई हैं। परिजनों ने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी के विरुद्ध कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांचोपरांत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ऐसे मामलों से क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### मातम में बदलीं खुशियां: थार सवार NSG कमांडो की मौत, रफ्तार इतनी की पेड़ से टकराते ही उड़ गए गाड़ी के परखच्चे

गांव नगौड़ा के प्रधान नीरज सोलंकी ने बताया कि योगेन्द्र वर्ष 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पठानकोट में थी। योगेन्द्र 25 दिन पहले ही होली की छुट्टी पर घर आए थे। 31 मार्च को





उनके सेना में पंद्रह साल पूरे होने थे।यूपी के हाथरस जिले में एक दुखद सड़क हादसे में मथुरा के एनएसजी कमांडो योगेन्द्र सिंह की मौत हो गई। उनके साथ कार में सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आगरा उपचार के लिए भेजा गया है। यह हादसा शुक्रवार सुबह उस समय हुआ जब वे होली खेलकर अपने दोस्त के यहां से लौट रहे थे। राया के गांव गुडेरा में इस घटना से मातम फैल गया है।मौके पर ही हो गई कमांडो योगेंद्र की मौत

राया के गांव गुडेरा निवासी 32 वर्षीय योगेन्द्र सिंह एनएसजी में कमांडो थे। वह अपने साथी विष्णु, सत्यवीर और जितेन्द्र के साथ होली खेलने गए थे। सादाबाद क्षेत्र के गांव कजरौठी में एक अज्ञात वाहन ने उनकी थार कार को ओवरटेक किया। इसके कारण उनकी थार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में कमांडो योगेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। विष्णु नेवी में कार्यरत हैं, जबकि सत्यवीर और जितेन्द्र गांव में रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मथुरा ले जाया गया। हादसे के बाद थार कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।योगेन्द्र सिंह का परिचय- गांव नगौड़ा के प्रधान नीरज सोलंकी ने बताया कि योगेन्द्र वर्ष 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पठानकोट में थी। योगेन्द्र 25 दिन पहले ही होली की छुट्टी पर घर आए थे। 31 मार्च को उनके सेना में पंद्रह साल पूरे होने थे। उनके बड़े भाई धर्मेन्द्र ने बताया कि योगेन्द्र तीनों भाइयों में सबसे छोटे थे।परिवार में शोक- कमांडो योगेन्द्र की पत्नी एकता और उनके दो छोटे बच्चे हैं। उनके पांच साल का बेटा और चार साल की बेटी है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। योगेन्द्र के घर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित होने लगी।

# कांधला की आस्था जैन ने यूपीएससी परीक्षा में नौवीं रैंक हासिल कर रचा इतिहास, सेल्फ स्टडी से पाई सफलता

कांधला के बड़ा बाजार की निवासी आस्था ने अपने तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया



था। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा आस्था जैन ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में ऑल इंडिया नौवीं रैंक प्राप्त कर पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है।आस्था जैन का बचपन से ही मेधावी स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की। वर्ष 2018-19 में उन्होंने सीबीएसई कक्षा मनवाया था। बिना कोचिंग, पहला प्रयास और असाधारण सफलता- लिया। उन्होंने स्वयं अध्ययन और दृढ़ संकल्प के बल पर इस परीक्षा को टॉप 10 में स्थान बनाकर सभी को अचंभित कर दिया। इससे पहले वर्ष अकादमी हैदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। आईएएस बनने का करने का सपना था। अपने तीसरे प्रयास में इस सपने को साकार कर

परीक्षा 2023 के परिणामों ने शामली जनपद का नाम रोशन किया है। शहर की होनहार बेटी नया इतिहास रचा है। आस्था की इस असाधारण उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि छात्रा के रूप में एक उज्ज्वल भविष्य रहा है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित 12वीं की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल कर अपनी शैक्षणिक क्षमता का लोहा आस्था जैन ने अपनी यूपीएससी की तैयारी के लिए किसी भी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं उत्तीर्ण किया। यह उनका तीसरा प्रयास था, जिसमें उन्होंने न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि 2023 में अपने पहले प्रयास में उन्होंने 131वीं रैंक हासिल की थी और वर्तमान में वे पुलिस बचपन का सपना- आस्था जैन का बचपन से ही आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा उन्होंने साबित कर दिया कि अगर इरादे बुलंद हों और मेहनत में कोई कसर न छोड़ी जाए, तो

कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम- आस्था कांधला के बड़ा बाजार की निवासी हैं। ये सफलता उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है।

# शमशाबाद नगर परिषद क्षेत्र में सड़क मरम्मत को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।



क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा – जैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के शमशाबाद आगमन की तिथि तय हुई, वैसे ही नगर परिषद ने सड़क बनने के एक महीने बाद ही पूरी तरह उखड़ चुकी थी और गढ़ों में तब्दील हो चुकी बस स्टैंड की सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। सड़क पर बने गहरे गड्ढों को भरकर और लीपापोती कर मार्ग को जल्दबाजी में दुरुस्त किया गया। नगरवासियों का कहना है कि यदि यह मरम्मत कार्य पहले ही कर दिया जाता, तो उन्हें लंबे समय तक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। दरअसल, कुछ महा पूर्व नगर परिषद द्वारा नवीन बस स्टैंड पर लाखों रुपये की लागत से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के कुछ ही महीनों बाद सड़क क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो गई। इससे राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को रोजाना भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर परिषद से शिकायत भी की, लेकिन लंबे समय तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब जब मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिली, तब जाकर प्रशासन सक्रिय हुआ और सड़क की मरम्मत शुरू कर दी गई। इस पूरे घटनाक्रम को देखकर नगरवासियों के मन से एक ही सवाल निकल रहा है– साहब, अगर आप पहले आ जाते, तो शायद हमारी सड़कें भी पहले ही सुधर जातीं। यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या आम जनता की समस्याओं का समाधान तभी होगा, जब कोई बड़ा अधिकारी या जनप्रतिनिधि क्षेत्र में आएगा?

# 24 घंटे में हत्या के 6 आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर और सरिया जब्त



क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। थाना सिरसौद पुलिस ने ग्राम मानक बसई में हुए अभिषेक रावत हत्याकांड का खुलासा करते हुए सभी 6 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार 3 मार्च 2026 को थाना सिरसौद क्षेत्र के ग्राम मानक बसई में ट्रैक्टर से जुताई (प्लाऊ) करते समय दूसरे के खेत में मिट्टी चले जाने को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद में ग्राम कुंवरपुर निवासी अभिषेक रावत पर आरोपियों ने लोहे की सरिया से जानलेवा हमला कर दिया और बाद में जान से मारने की नीयत से उस पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए। इस मामले में फरियादी ब्रजेश रावत निवासी मानक बसई की रिपोर्ट पर थाना सिरसौद में अपराध क्रमांक 54/2026 के तहत धारा 103(1), 109(1), 115(2), 296(b), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत आरोपियों बीपी सिंह जाटव, रामसिंह जाटव, अनिल जाटव, नरेंद्र जाटव, करण उर्फ पप्पू जाटव और काशीराम जाटव निवासी ग्राम भरका के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ ने थाना प्रभारी सिरसौद उपनिरीक्षक मुकेश दुबौलिया को टीम बनाकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 4 मार्च 2026 को खोरघार भरका तिराहे और जामखो भरका मार्ग से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आयशर ट्रैक्टर, लोहे का सरिया और लाठियां भी जब्त की हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेश पर शिवपुरी जेल भेज दिया गया।

# पड़ोसियों ने ये क्या किया चाचा-भतीजे का हाल: लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, रात घर का दरवाजा पीटने पर हुआ विवाद

आरोप है कि अनमोल गुप्ता, उसकी पत्नी काव्या गुप्ता और उनके अन्य परिजनों ने मिलकर पीड़ित के परिवार को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए संजीव गुप्ता और उनके भतीजे पर्व गुप्ता पर लाठी डंडों और पत्थरों से हमला बोल दिया। यूपी के लखीमपुर खीरी ले लिया और जमकर मारपीट हुई जिसमें एक पक्ष के आई लेकिन इसकी पुष्टि कहीं नहीं हो सकी। मामले में चुकी है। चर्चा हो रही है कि एक जिला बदर भी मामले तहरीर दी गई हैं।एक पक्ष के संजीव गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता बजे मोहल्ले का ही एक युवक अनमोल गुप्ता किसी आकर उसे ऐसा करने से मना किया तो अनमोल आगबबूला अन्य परिजनों ने मिलकर पीड़ित के परिवार को भद्दी-डंडों और पत्थरों से हमला बोल दिया। इस अचानक हुए मोहल्ले के ही हर्ष और पवन समेत कई लोग इकट्ठा हो गई है, मामले में फायरिंग और एक जिला बदर अपराधी अनमोल और उसकी पत्नी को पुलिस पहले मादक



स्थित मोहल्ला बाजार प्रथम में बीती रात पड़ोसियों के विवाद ने हिंसक रूप चाचा भतीजा जख्मी हो गए। मामले में गोली चलने की बात भी सामने एक पक्ष स्मैक बिक्री के आरोप में जेल भी जा चुका है और कुर्की भी हो में शामिल था लेकिन उसकी भी पुष्टि नहीं हो सकी। मामले दोनों ओर से ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गुरुवार की रात करीब 11 पड़ोसी का दरवाजा जोर जोर से पीट रहा था। जब संजीव के पिता ने बाहर हो गया। आरोप है कि अनमोल गुप्ता, उसकी पत्नी काव्या गुप्ता और उनके भद्दी गालियां देते हुए संजीव गुप्ता और उनके भतीजे पर्व गुप्ता पर लाठी हमले में चाचा भतीजा दोनों को काफी चोटें आई हैं। शोर सुनकर मौके पर गए जिन्होंने बीच बचाव किया। उधर दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर दी की इंट्री की पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया गया है संजीव के दूसरे पक्ष के पदार्थ में जेल भेज चुकी है और उसके थारूपुरवा घर की कुर्की भी हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी का कहना है कि पड़ोसियों का विवाद है और कहीं भी गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है, मामले में दोनों ओर से तहरीर दी गई है।

# फतेहपुर सीकरी में मौत का तालाब: सुबह मिली युवक की लाश; अब युवती ने लगाई छलांग, पुलिस ने बचाई जिंदगी

फतेहपुर सीकरी का प्राचीन तालाब कई जिंदगियां लील चुका है। शुक्रवार सुबह एक युवक का शव



मिला, तो वहीं दोपहर को एक युवती ने भी तालाब में छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की तत्परता से उसकी जिंदगी बच गई। आगरा के फतेहपुर सीकरी कस्बे में शुक्रवार को शाही तालाब पर उस समय खलबली मच गई, जब एक युवती ने तालाब में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। तत्परता दिखाते हुए लिसकर्मियों ने युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार करीब दोपहर 1 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती ने ग्वालियर गेट स्थित प्राचीन तालाब में छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवती को तुरंत तालाब से बाहर निकाल लिया गया।युवती की पहचान उषा पुत्री दौलत राम उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कीली खाना, कस्बा के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तुरंत उसे उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। फिलहाल युवती की हालत में सुधार बताया जा रहा है। पुलिस ने युवती के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी शुक्रवार सुबह ही एक युवक का शव इसी तालाब में उतराता मिला था। इससे पूर्व भी उक्त तालाब में कई लोगों द्वारा अब आत्महत्या कर ली गई है। जिससे क्षेत्र में लोगों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है।

# शिकारी कैप पहन धुंरधर फिल्म के गाने पर सिपाहियों संग थिरके एसपी, संभल पुलिस की होली का Video वायरल

संभल में एसपी कृष्ण बिश्नोई, सीओ और पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली और डांस किया। एसपी का सिपाहियों के साथ नाचते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।संभल में होली के रंग में इस बार खाकी भी पूरी तरह सराबोर नजर आई। बहजोई की रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी कृष्ण




बिश्नोई ने शिकारी कैप पहनकर सिपाहियों के साथ ऐसा डांस किया कि पूरा माहौल रंग और मस्ती से भर गया। डीजे पर बज रहे धुरधंर फिल्म और भोजपुरी गीत गुलाब जइसन खिलल बाडू की धुन पर एसपी, सीओ और पुलिसकर्मी जमकर थिरकते दिखे।इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिजर्व पुलिस लाइन में होली मिलन कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारी और जवान एक-दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए नाचते-झूमते नजर आए। फूलों से सजी जिप्सी पर सवार होकर एसपी कृष्ण बिश्नोई और अन्य पुलिसकर्मियों ने पूरे परिसर में होली का जश्न मनाया।माहौल ऐसा था कि हर तरफ रंगों की बौछार और डीजे की धुनों पर झूमती खाकी ही दिखाई दे रही थी। इसके बाद पुलिसकर्मी रंग-गुलाल खेलते हुए रिजर्व पुलिस लाइन से इस्लामनगर चौराहा तक जुलूस की शक्ल में पहुंचे।रास्ते भर डीजे की धुनों पर पुलिस अधिकारी और जवान नाचते रहे और एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस की होली का उत्साह चरम पर रहा। उधर बहजोई कोतवाली में भी पुलिसकर्मियों ने रंग-गुलाल लगाकर जमकर डांस किया और एक-दूसरे को होली की बधाई दी।खाकी के इस रंगीन अंदाज का वीडियो सामने आने के बाद लोग भी इसे खूब पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स इसे खाकी की होली बताकर शेयर कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलानारा मां नर्मदा मंदिर के सामने क्षतिग्रस्त कुआं में बकरा गिरा दो घंटे की मस्कत के बाद बाहर निकाला

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/विदिशा – एमपी विदिशा जिला के नटेरन जनपद ग्राम पंचायत खैराई ग्राम बेलानारा कुआं में पहले भी गाय का बछड़ा एवं कुत्ते एवं एक



लड़का भी गिर चुका है इसकी खबरें भी मीडिया जगत में चल चूकी आज एक बकरा गिरा वह लगभग 2 घंटे में ग्रामीणों की सूझबूझ से बाहर निकल गया खटिया पर बांधकर रस्सी से बांधकर बाहर निकल गया बकरा के मलिक रामकृष्ण वंशकार कुएं में रस्सी के सहारे नीचे जाकर बकरे को खटिया पर बांधकर बाहर निकल गया इसके संबंध में ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए शासन प्रशासन कोई बड़ी आप्रिये घटना का इंतजार कर रहे हैं।

### देवरनियां के अति संवेदनशील गांव में? शांति से निकला होली जुलूस, भारी पुलिस बल रहा मुस्तैद

क्यूँ न लिखूँ सच / देवरनियां । थाना देवरनियां क्षेत्र में होली पर्व शांतिपूर्ण तरह से सम्पन्न हो गया। इस बीच अति संवेदनशील गांव धर्मपुर में पुलिस छावनी के बीच होली जुलूस निकाला गया। गांव धर्मपुर अति संवेदनशील मे था, यहां होली जुलूस के रास्ते में पडने वाली मस्जिद को तिरपाल से ढका गया था।



देवरनियां? थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पूरे पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे, ड्रौन कैमरे से भी? निगरानी की? गई। पुलिस की कडी मेहनत रही की वजह से अति संवेदनशील गांव में होली जुलूस शांति से सम्पन हो गया। पूर्व में यहां हुए विवाद के बाद से यह गांव अति संवेदनशील की श्रेणी में रहता है। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र में सभी आठ होली जुलूस भी शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गए। हालांकि देवरनिया पुलिस टीम ने जमकर होली खेली,जहां रंग गुलाल,डांस,कपड़ा फाड़ और मस्ती का माहौल देखने को मिला।इस दौरान देवरनिया कोतवाल आशुतोष द्विवेदी ने बॉलीवुड गाने, पीके शंकर जी की बूटी पर जमकर डांस किया और कुर्ता फाड़ होली खेली। जिसे देखकर सभी लोग ठहाके लगाने लगे। पूरे कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के बीच भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### अमरिया क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया होली का त्योहार

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / पीलीभीत – पीलीभीत जनपद के अमरिया क्षेत्र में रंगों का पावन पर्व होली बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव और कस्बों में होली की रौनक देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे तथा प्रेम का संदेश दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी ने इस पर्व का भरपूर आनंद लिया। कहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग झूमते नजर आए तो कहीं पारंपरिक होली गीतों के साथ लोग रंगों में सराबोर दिखाई दिए। महिलाओं ने भी समूह में होली गीत गाकर और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। अमरिया कस्बे सहित आसपास के गांवों में जगह-जगह होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर त्योहार की बधाई दी। पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। होली के इस रंगीन पर्व ने अमरिया क्षेत्र में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को और मजबूत किया।

# Make restaurant-style Gulab Jamuns at home, learn the full recipe.

Many people want to make sweets other than Gujhiya and Puwa for Holi. Gulab Jamuns are a popular choice. In this article, let's learn how to make restaurant-style Gulab Jamuns. Holi is a festival of colors as well as sweetness. People often prefer buying sweets from the market, but the pure and soft Gulab Jamuns made at home have a unique taste. This Holi, you can also prepare restaurant-style "Mawa Gulab Jamuns" at home to please your guests. People often complain that their Gulab Jamuns are hard on the inside or burst during frying. To overcome these minor problems, the correct measurements and the correct consistency of the syrup are essential. In this recipe, we'll show you how to make extremely soft and juicy Gulab Jamuns with the right mix of khoya (mawa) and paneer, which will melt in your mouth. When you serve this hot homemade sweet to your loved ones amidst the excitement of Holi, they will not be able to stop themselves from praising you. For Gulab Jamun - Mawa (Khoya): 250 grams (mashed) Paneer: 50 grams (grated) Refined flour: 3 tablespoons (for binding) Baking soda: just a pinch Cardamom powder: half teaspoon Ghee/oil: for frying 2. For syrup Sugar: 2 cups Water: 1.5 cups Saffron: 5-6 strands (optional) Green cardamom: 2-3 (crushed) How to prepare: For the best Gulab Jamun, take 250 grams of fresh mawa, 50 grams of grated paneer and 3 tablespoons of refined flour. Mix all the three together and knead until the mixture becomes completely smooth. Add a pinch of cardamom powder and a little baking soda to it. Be careful not to press the dough too hard; just bind it together so it doesn't tear during frying. Making the syrup: Combine 2 cups of sugar and 1.5 cups of water in a deep saucepan and bring to a boil over medium heat. Add a few strands of saffron and crushed cardamom to create a royal aroma. We don't want the syrup to be stringy; just cook it until it feels sticky between our fingers. Once the syrup is ready, keep it lukewarm, as too hot or cold syrup can spoil the jamuns. Frying method: Form small, crack-free balls from the prepared mixture. Heat pure ghee or oil in a pan, but keep the flame very low. After adding the jamuns to the oil, don't touch them directly; instead, stir the oil with a ladle. Remove them when they turn golden brown. Frying on low heat ensures the berries are thoroughly cooked through and prevent lumps from forming. Dip in sugar syrup and serve - Immediately dip the fried gulab jamuns in lukewarm sugar syrup and let them sit for at least 2 hours to allow them to absorb the juice. When serving, sprinkle chopped pistachios or silver foil on top. This Holi 2026, this pure homemade sweet is not only safe for health but will also double the joy of your festival.



# This state has the highest number of HIV patients in the country; learn about two major updates in the fight against the infection.

HIV infection cases are increasing in some states of India. Meghalaya has the highest number of infections in the country. More than 10,000 people are currently undergoing treatment here. Scientists are constantly researching new treatments to prevent and treat the infection. Two major updates have emerged in this regard. HIV and AIDS cases pose a major threat to health globally. Human immunodeficiency virus (HIV) weakens the body's immune system. If not treated promptly, it can lead to AIDS (Acquired Immunodeficiency Syndrome). According to a World Health Organization (WHO) report, an estimated 39.9 million people (about 40 million) were living with HIV infection in 2023, of which 53% were women and girls. In addition, approximately 800,000 people died. Sub-Saharan Africa remains the most affected region, with the majority of cases worldwide. India also bears a significant burden of the disease. Despite numerous awareness campaigns, the number of infections is steadily increasing. Meghalaya remains the most HIV-affected state in the country, with over 10,000 patients currently undergoing treatment. Health Minister W. Shila informed the Assembly on Wednesday that the rising HIV cases in the state are a growing concern. A five-year intervention plan worth ?25 crore has already been approved to address this situation. Amid growing concerns in Meghalaya, two major updates have emerged regarding HIV prevention and treatment, which are important for you to know. Growing Concerns in Meghalaya - Before delving into information related to HIV prevention, let's take a look at the situation in Meghalaya. Health Minister W. Shila stated that currently, 10,293 people living with HIV in the state are receiving antiretroviral therapy. The minister added that 749 deaths have occurred due to the disease in the last ten years. The health minister said, "Confidentiality rules under the HIV and AIDS Prevention and Control Act and social stigma are major challenges. HIV status must be kept confidential, tests cannot be done without consent, and we cannot force people to take medication." Above all, stigma is playing a major role in making people afraid to come forward for testing. The Health Minister said, "Everyone needs to know that HIV is not incurable; it's not a death sentence. It can't be completely cured, however, treatment can improve people's quality of life." A single-dose HIV drug is good news for patients amid the growing risks and challenges of HIV worldwide. A team of experts has reported an effective, daily drug that could be very helpful in its treatment. This tablet combines two existing HIV treatment drugs, bictegravir and lenacapavir (BIC/LEN). This drug has shown promising results in a phase 3 clinical trial. According to a report published in The Lancet, this trial, which included more than 550 HIV-infected individuals from 15 countries, found that the new single-pill was highly effective in suppressing the HIV virus. Among those who took this simple approach, approximately Viral load was reduced in 96% of people. Improved results observed in the trial: Most participants in the trial of this new drug were taking two to 11 tablets daily. Approximately 40% were taking this type of antiretroviral treatment more than once a day. Many people with HIV had other health problems, such as cardiovascular disease or kidney disease, which required them to take multiple medications daily. The study found that this drug, which requires taking just one tablet, not only reduces the need for patients to take multiple medications, but also has no significant side effects. Study participants reported that this new drug was easier and more convenient to take. Researchers say it may be especially beneficial for older people living with HIV, those who have already developed resistance to HIV treatment, or those who are taking additional medications to manage age-related health problems along with their HIV medication. Regarding lenacapavir injection Information: In addition to this new HIV drug, another major update is coming from Zimbabwe. Zimbabwe has become the first country to begin administering the effective injectable drug lenacapavir for HIV treatment. Lenacapavir is the first twice-yearly injectable pre-exposure prophylaxis (PrEP) for HIV. It is a highly effective, long-acting alternative to daily pills. Experts say that just two doses a year can be quite effective. Its efficacy rate has been observed to be approximately 99%.




# Suffering from headaches? Do these four yoga poses every morning and you'll see a difference in just a few days.

Headaches have become a common problem these days, troubling many people. According to health experts, practicing some yoga poses daily can help alleviate headaches. In today's stressful lifestyle, long hours spent in front of computer screens and irregular eating habits have led to headaches and migraines. People often resort to painkillers to relieve pain, but prolonged use can have adverse health effects. Yoga offers a cure for headaches. Experts say yoga not only reduces muscle tension but also improves blood circulation in the brain. When we practice specific yoga poses, our nervous system calms and oxygen levels increase, gradually alleviating even chronic headaches. Yoga is considered the most effective way to achieve mental peace and physical pain relief. If you're struggling with frequent headaches, you can practice these four special yoga poses for just 15-20 minutes every morning. Shishuasana - Shishuasana is a simple and effective asana for calming the nervous system and relieving neck and shoulder tension. To perform it, sit on your knees and bend your forehead to the ground. This pose balances blood flow to the brain and reduces mental fatigue. Breathing deeply, stay in this position for 2-3 minutes, which will immediately reduce head heaviness. Adho Mukha Svanasana - This pose stretches the entire body and increases blood circulation to the head. In this pose, the palms and soles are placed on the ground and the body is raised in a "V" shape. This relieves strain on the neck muscles, which is often a major cause of headaches. Regular practice significantly reduces the frequency of migraine attacks. Setubandhasana - Setubandhasana is not only good for the back, but it also releases tension by opening the chest, neck, and spine. Lie on your back, bend your knees, and raise your hips. This asana calms the mind by releasing anxiety and fatigue. When the nerves in the neck and shoulders relax, headaches can be magically relieved. Uttanasana - This standing forward bend pose is a panacea for relieving fatigue and depression. In this pose, your head level drops below the heart, providing the brain with abundant oxygen and blood supply. It revitalizes your nerves. If you have sinus headaches, this asana is very helpful in clearing blocked passages.

